हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार 16 मार्च 2026

11 जहां नारी का सम्मान, वहीं देवताओं का वास : ब्रह्मदास
12 8वीं इंटरनेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में हरियाणा की टीम का शानदार प्रदर्शन





## खबर संक्षेप

### हेरोइन सहित युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** एएनसी सेल फतेहाबाद की टीम ने नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एएनसी सेल फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक साधु राम ने बताया कि पुलिस टीम एएसआई भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में नशीले पदार्थों की रोकथाम के संबंध में नया बस अड्डा फतेहाबाद के पास गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक एफसीआई गोदाम, रतिया रोड फतेहाबाद के पास खड़ा है, जो हेरोइन बेचने का काम करता है। सूचना को विश्वसनीय मानते हुए पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को काबू कर लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान सागर पुत्र सतीश कुमार निवासी कबीर बस्ती फतेहाबाद के रूप में हुई। आरोपी की तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 6.08 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### हेरोइन सहित युवक को किया गिरफ्तार

**डबवाली।** एएनसी डबवाली ने गश्त के दौरान गांव लोहगढ़ से एक युवक को 7 ग्राम 310 मिलीग्राम हेरोइन सहित आरोपी काबू किया है। एएनसी डबवाली प्रभारी रणजोध सिंह ने बताया कि पुलिस टीम के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव लोहगढ में जा रहे थे। पुलिस टीम वार्ड नंबर 13 में एक गली में पहुंचे तो एक युवक पुलिस की गाड़ी को देखकर एकदम वापस मुडक़र तेज कदमों से दूसरी गली में जाने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उक्त युवक को काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जा से 7 ग्राम 310 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुइ। आरोपी की पहचान मंगत सिहं उर्फ मंगा पुत्र जीवन सिंह निवासी लढूका जिला फाजिल्का पंजाबके रूप में हुई है।

### जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपी पकड़ा

**फतेहाबाद।** एक युवक से झगड़ा कर जानलेवा हमला करने के मामले में थाना शहर रतिया पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया है। थाना प्रभारी पुष्पा ने बताया कि इस संबंध में शिकायतकर्ता बलिंदर सिंह पुत्र जोगिंद्र सिंह निवासी शिमला पुरी कॉलोनी रतिया ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 17 फरवरी 2026 को वह हनुमान चौक रतिया में सब्जी लेने गया हुआ था। शाम के जब वह अपने परिचित के साथ वहां खड़ा था। इसी दौरान कालू पुत्र प्रमोद कुमार निवासी वार्ड नंबर 12 रतिया व उसके साथियों सहित मोटरसाइकिलों पर सवार होकर मौके पर पहुंचे और आते ही उस पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने तलवार, गंडासी, रॉड व डंडों से उस पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद घायल को उपचार के लिए पहले सरकारी अस्पताल रतिया और बाद में अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

### नशीली गोलियों सहित युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के अंतर्गत सीआईए रतिया की टीम ने एक युवक को नशीली गोलियों सहित काबू किया है। सीआईए रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक प्रदीप ने बताया कि पुलिस टीम एएसआई सत्यवान के नेतृत्व में नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति नशीली गोलियां लेकर गांव कवलगढ़ से गांव कमाना की ओर पैदल आ रहा है और उन्हें बेचने का कार्य करता है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गांव कमाना-कवलगढ़ मार्ग पर नाकाबंदी की और संदिग्ध व्यक्ति को काबू कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान विक्रम सिंह उर्फ विक्की निवासी कंवलगढ़ के रूप में हुई।

## मुख्यमंत्री दुग्ध उपहार योजना अप्रैल से होगी लागू

# 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं को मिलेगा प्रोटीन मिल्क बार व फोर्टिफाइड फ्लेवर्ड दूध

**छात्राओं को संपूर्ण पोषण प्रदान करना उद्देश्य**



एआई जनरेटेड फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

अब राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों की कक्षा 9वीं से 12वीं की छात्राओं को मिड-डे-मील के तहत प्रोटीन मिल्क बार और फोर्टिफाइड फ्लेवर्ड मिल्क दिया जाएगा। इसका उद्देश्य छात्राओं को संपूर्ण पोषण प्रदान करना है और उनकी सेहतमंद बनाता है। इसी कड़ी में विद्यालय शिक्षा निदेशालय पंचकूला ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर मुख्यमंत्री दुग्ध उपहार योजना लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बता दें कि यह योजना अप्रैल 2026 से शुरू होगी। इसके तहत छात्राओं को 150 दिन तक पोषणयुक्त आहार दिए जाएंगे। इसमें 75 दिन फोर्टिफाइड फ्लेवर्ड मिल्क और 75 दिन प्रोटीन मिल्क बार शामिल हैं। योजना के लिए डिमांड शैक्षणिक सत्र 2025-26 के नामांकन (एनरोलमेंट) के आधार लिए पर तैयार की जाएगी। अप्रैल माह के लिए डिमांड तैयार करते समय वर्तमान सत्र के दाखिलों का आधार लिया गया है। इसमें आठवीं कक्षा के एनरोलमेंट को कक्षा 9वीं की डिमांड बनाया गया है। कक्षा प्रवीं की छात्राओं की संख्या को कक्षा 10वीं की डिमांड में शामिल किया गया है, क्योंकि कक्षा 10वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम अभी आना शेष है। वहीं कक्षा 11वीं की एनरोलमेंट के आधार पर कक्षा 12वीं की डिमांड बनाई गई है। शिक्षा निदेशालय की तरफ से तैयार डिमांड सूची स्कूलों में भेजी जा चुकी है। प्रत्येक स्कूल को 16 मार्च तक डिमांड का सत्यापन कर निदेशालय को भेजना अनिवार्य है। यदि किसी स्कूल की डिमांड में बदलाव किया जाता है तो उसे शीट में हाईलाइट किया जाएगा ताकि डिमांड के अनुसार स्कूलों में मिल्क बार और फोर्टिफाइड फ्लेवर्ड मिल्क की सप्लाई की जा सके। यह पहल न केवल छात्राओं के पोषण स्तर को बढ़ाएगी बल्कि उनकी पढ़ाई और स्वास्थ्य दोनों में सुधार लाने में मदद करेगी।

**सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश**

निदेशालय ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को विद्यालय वार और कक्षावार डिमांड की एक्सेल शीट भेजते हुए उसे सत्यापित करने के निर्देश दिए हैं। यदि किसी विद्यालय की डिमांड में यदि बदलाव है तो उसे हाई लाइट कर एक्सेल शीट में भी साझा किए जाने के निर्देश दिए हैं।



फतेहाबाद। गांव खाराखेड़ी में आयोजित बैठक में भाग लेते किसान।

## खाराखेड़ी में किसान सभा की बैठक

# जलभराव व बीमा क्लेम को लेकर जताया रोष

- फसल मुआवजा और सेम की समस्या का स्थाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

अखिल भारतीय किसान सभा की गांव खारा खेड़ी इकाई की जनरल बॉडी मीटिंग किसान राम चन्द्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन मुकेश कुमार राड द्वारा किया गया। इस दौरान किसानों की समस्याओं को लेकर गहन चर्चा की गई और आगामी संघर्ष की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में विशेष तौर पर सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा मौजूद रहे। बैठक में संगठन को मजबूती देने के लिए 15 सदस्यीय ग्राम कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से मुकेश कुमार को प्रधान चुना गया। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे जिला प्रधान कामरेड विष्णु दत्त शर्मा और सतबीर सिंह बड़ोपल ने जिले में सेम और जलभराव की गंभीर स्थिति पर चिंता जताई। बैठक में किसानों ने मांग की कि बीमा कंपनियों की मनमानी पर रोक लगाकर उन पर कानूनी कार्यवाही की जाए। जलभराव और फसल खराबे का उचित मुआवजा तुरंत जारी हो। क्षेत्र में सेम की समस्या का स्थाई समाधान किया जाए। पीने के स्वच्छ पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित हो।

# 50 एकड़ फसल में पानी भरा

- शेरांवाली नहर में आई 60 फुट की दरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चोपटा

नाथूसरी चौपटा क्षेत्र से गुजरने वाली शेरांवाली नहर गांव दड़बा कलां के पास रविवार सुबह अचानक टूट गई। नहर में करीब 60 फुट चौड़ी दरार आ गई जिससे किसानों की तैयार खड़ी गेहूं की करीब 50 एकड़ फसल में पानी भर गया, जिससे किसानों की पूरी मेहनत पर पानी फिर गया। किसानों ने सिंचाई विभाग के कर्मचारियों को नहर टूटने की सूचना दी। बताया जाता है कि रविवार सुबह करीब 4 बजे अचानक शेरांवाली नहर टूट गई।



सिरसा। नहर टूटने के बाद खेतों में बहता पानी। *फोटो : हरिभूमि*

**किसानों को हुआ नुकसान**

किसानों ने नहर टूटने की सिंचाई विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को सूचना दी। इसके बाद नहराना हेड से नहर को बंद करवाया गया और सिंचाई विभाग के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे। नहर टूटने से करीबन 50 एकड़ में पकी गेहूं की फसल में जलभराव हो गया है। प्रभावित किसानों का कहना है कि गेहूं की फसल पकने के कगार पर है और अब नहर टूटने से उनकी पूरे साल की मेहनत बेकार हो गई। अब यह घाटा पूरा नहीं किया जा सकता। गेहूं की फसल पर खर्च भी काफी हो चुका है और उत्पादन जीरो हो गया है।

# 'भू-मित्र' चैटबॉट से 24 घंटे मिलेगी सहायता

- जमाबंदी, इंतकाल, मुआवजा पंजीकरण व डीड रजिस्ट्रेशन सहित कई सेवाएं होंगी उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हरियाणा सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने नागरिकों को भूमि और राजस्व संबंधी सेवाएं सरल व सुलभ तरीके से उपलब्ध कराने के लिए 'भू-मित्र' नामक व्हाट्सऐप आधारित चैटबॉट लॉन्च किया है।

यह चैटबॉट हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है और नागरिकों को 24 घंटे, वर्ष के 365 दिन सहायता प्रदान करेगा। डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि 'भू-मित्र' एक स्मार्ट और संवादात्मक चैटबॉट है, जिसे सीधे व्हाट्सऐप के माध्यम से उपयोग किया जा सकता है। चूंकि व्हाट्सऐप हरियाणा के अधिकांश नागरिकों द्वारा पहले से ही व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाता है, इसलिए यह प्लेटफॉर्म राजस्व सेवाओं को लोगों तक पहुंचाने का एक सुविधाजनक माध्यम बनेगा।

अब नागरिकों को छोटी-छोटी सेवाओं के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने या जटिल ऑनलाइन पोर्टलों का उपयोग करने की आवश्यकता नहीं होगी। वे अपने स्मार्टफोन पर कुछ ही क्लिक के माध्यम से घर बैठे दिन के किसी भी समय आवश्यक सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे।

**राजस्व सेवाएं हुईं डिजिटल**

डीसी ने बताया कि 'भू-मित्र' चैटबॉट के माध्यम से नागरिक फिलहाल चार प्रमुख राजस्व सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। इनमें भूमि स्वामित्व और खेती से संबंधित रिकॉर्ड के लिए जमाबंदी की प्रति प्राप्त करना, भूमि स्वामित्व में परिवर्तन से संबंधित इंतकाल (म्यूटेशन) की प्रति, भूमि अधिग्रहण या अन्य मामलों से संबंधित मुआवजा पंजीकरण, तथा डीड रजिस्ट्रेशन से जुड़ी सहायता शामिल है। इसके अलावा चैटबॉट के माध्यम से डीड टोकन जनरेशन, भूमि सीमांकन के लिए आवेदन, भूमि एवं राजस्व से जुड़ी शिकायत दर्ज करना, तथा शिकायत की स्थिति की रियल-टाइम ट्रैकिंग जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। इन सभी सेवाओं को एक सरल संवादात्मक इंटरफेस के माध्यम से व्हाट्सऐप पर ही एक्सेस किया जा सकता है, जिससे आम नागरिकों के लिए इनका उपयोग और भी आसान हो गया है।

**अधिक सुविधाएं मिलेंगी**

डीसी ने बताया कि अगले सप्ताह से डीड रजिस्ट्रेशन सेवाओं से संबंधित सभी एसएमएस भी 'भू-मित्र' प्लेटफॉर्म के माध्यम से भेजे जाएंगे, जिससे नागरिकों को समय-समय पर आवश्यक अपडेट और सूचनाएं सीधे चैटबॉट के जरिए मिलती रहेंगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में 'भू-मित्र' प्लेटफॉर्म में और भी सेवाएं जोड़ी जाएंगी, जिससे डिजिटल गवर्नेंस को और मजबूती मिलेगी तथा नागरिकों को अधिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

# लहसुन-मेथी की खेती पर मिल रही सब्सिडी: नवीन

- मल्लेका, पोहडक़ा, खारी सुरेरा, हुमायूंखेड़ा, कुत्ताबढ़ में लहसुन फसल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चोपटा



सिरसा। फसल का निरीक्षण करते डा. नवीन बैनीवाल। *फोटो : हरिभूमि*

ऐलनाबाद खंड के गांवों मल्लेका, पोहडक़ा, खारी सुरेरा, हुमायूंखेड़ा, कुत्ताबढ सहित विभिन्न गांवों में उद्यान विकास अधिकारी डॉ. नवीन बेनीवाल ने लहसुन की फसल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों को लहसुन उत्पादन की उन्नत समग्र सिफारिश एवं आधुनिक उत्पादन तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों को उन्नत एवं प्रमाणित किस्मों के चयन, उचित समय पर बुवाई, खेत की वैज्ञानिक तैयारी, संतुलित एवं मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक प्रबंधन, सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग, ड्रिप सिंचाई एवं मल्चिंग तकनीक अपनाने के बारे में मार्गदर्शन दिया। इसके साथ-साथ उन्होंने खरपतवार नियंत्रण, रोग-कीटों की समेकित प्रबंधन तकनीक, पौध संरक्षण उपाय तथा फसल की समय पर खुदाई, ग्रेडिंग एवं भंडारण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा कीं, ताकि किसानों को बेहतर उत्पादन एवं अधिक लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान डॉ. बेनीवाल ने किसानों को हरियाणा सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न बागवानी योजनाओं के बारे में जागरूक किया। इस दौरान डॉ. नवीन बैनीवाल ने किसानों को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने किसानों से विभाग के संपर्क में रहकर आधुनिक तकनीकों को अपनाने और बागवानी फसलों के रकबे को बढ़ाने का आह्वान किया। किसानों ने इस अवसर पर विभाग द्वारा दिए गए तकनीकी मार्गदर्शन को उपयोगी बताते हुए आभार व्यक्त किया।

**योजनाओं का लें लाभ**

डॉ. बेनीवाल ने किसानों को बताया कि लहसुन की खेती करने पर सरकार की ओर से प्रति एकड़ 30 हजार व मेथी की खेती करने पर 15 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि किसान बिना जागरूकता के सरकार की ओर से चलाई जा रही स्कीमों का लाभ नहीं उठा पाते इसलिए विभाग के संपर्क में रहें ताकि उन्हें सभी योजनाओं का लाभ मिल सके। इस दौरान कार्यक्रम में अमनदीप, वीरेंद्र कृष्ण कुमार, आजादविद्र, रामेश्वर, रामजस व हरबंस सहित सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे।

# बिटकॉइन, क्रिप्टो करंसी के नाम पर हो रही धोखाधड़ी, रहें सावधान : एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

एसपी दीपक सहारण ने कहा कि आधुनिकता की इस युग में बिटकॉइन और अन्य क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर लोग धोखाधड़ी के शिकार हो रहे हैं। साइबर अपराधी लोगों को कम समय में अधिक मुनाफा दिलाने का लालच देकर ठगी कर रहे हैं। पुलिस ने विशेष एडवाइजरी जारी कर आम नागरिकों से अपील की है कि वे ऐसे किसी भी प्रलोभन से सावधान रहें और बिना पूरी जानकारी के किसी भी प्लेटफॉर्म या अन्य व्यक्ति के माध्यम से निवेश न करें। लुभाने ऑफर मनुष्य की अमीर बनने की चाह, जिंदगीभर की कमाई पर पानी फेर देती है, इसलिए सावधान रहें, सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि साइबर ठग अक्सर सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, टेलीग्राम, फर्जी वेबसाइटों और मोबाइल एप्स के माध्यम से लोगों से संपर्क कर लोगों को साइबर ठगी का शिकार बना रहे हैं। वे खुद को क्रिप्टो निवेश विशेषज्ञ या किसी बड़ी अंतरराष्ट्रीय कंपनी का प्रतिनिधि बताकर लोगों को विश्वास में लेते हैं। इसके बाद वे निवेश करने के लिए लिंक भेजते हैं और शुरुआती दौर में छोटे-छोटे मुनाफे दिखाकर लोगों का भरोसा जीतते हैं। जब निवेश की राशि बढ़ जाती है, तब वे अचानक संपर्क बंद कर देते हैं और निवेशकों का पैसा हड़प लेते हैं।

**सावधानी बरतने की जरूरत**

एसपी ने कहा कि इस प्रकार की धोखाधड़ी से बचने के लिए नागरिकों को कुछ महत्वपूर्ण सावधानियां बरतनी चाहिएं। उन्होंने कहा कि सबसे पहले, किसी भी अनजान व्यक्ति या सोशल मीडिया ग्रुप की सलाह पर निवेश करने से बचें। केवल विश्वसनीय और सरकारी रूप से मान्यता प्राप्त वित्तीय संस्थानों के माध्यम से ही निवेश करें। किसी भी वेबसाइट या एप पर निवेश करने से पहले उसकी प्रामाणिकता की जांच अवश्य करें। एसपी ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के साथ क्रिप्टो करेंसी या ऑनलाइन निवेश के नाम पर धोखाधड़ी होती है, तो तुरंत साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

# जुआ खेलते 9 लोगों को पुलिस ने किया काबू

- गांव खजूरी जाटी में छापेमारी कर आरोपियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

गांव खजूरी जाटी में छापेमारी कर फतेहाबाद पुलिस ने 9 लोगों को जुआ खेलते रंगे हाथ काबू किया है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि पुलिस टीम उपनिरीक्षक सुबे सिंह के नेतृत्व में बस अड्डा झलनियां क्षेत्र में गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि गांव खजुरी जाटी निवासी रोहताश अपनी चाय की दुकान में कुछ व्यक्तियों के साथ ताश के माध्यम से जुआ खेल रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर दबिश दी। दबिश के दौरान पुलिस ने चाय की दुकान के अंदर 9 व्यक्तियों को ताश के पत्तों पर पैसे लगाकर जुआ खेलते हुए काबू कर लिया। मौके से 52 ताश के पत्ते तथा कुल 12,950 रुपये नकद बरामद किए गए, जिन्हें नियमानुसार कब्जे में लेकर सीजर की कार्रवाई की गई। काबू किए गए आरोपियों की पहचान राजकुमार निवासी झलनियां, रोहताश निवासी खजुरी जाटी, संदीप कुमार निवासी खजुरी जाटी, सतबीर सिंह निवासी खजुरी जाटी, रवि कुमार निवासी झलनियां, दिवान सिंहनिवासी भुथन कलां, ओम प्रकाश निवासी झलनियां, राजाराम निवासी झलनियां तथा कृष्ण निवासी झलनियां के रूप में हुई। इस संबंध में पुलिस ने जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## कम शुल्क में 5 से 20 लाख रुपये तक बीमा कवर, आगजनी व दुर्घटना में मिलेगी आर्थिक सहायता

# व्यापारियों के लिए सुरक्षा कवच बनी सरकार की बीमा योजनाएं, 31 तक करें पंजीकरण : डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद


प्रदेश सरकार द्वारा व्यापारियों के हितों की सुरक्षा और उनके कारोबार को आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री व्यापारी सामूहिक निजी दुर्घटना बीमा योजना तथा मुख्यमंत्री व्यापारी क्षतिपूर्ति बीमा योजना चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं के तहत पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है। डीसी डॉ. विवेक भारती ने जिले के व्यापारियों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि मुख्यमंत्री व्यापारी सामूहिक निजी दुर्घटना बीमा योजना के तहत व्यापारी की दुर्घटना में मृत्यु अथवा स्थायी दिव्यांगता की स्थिति में सरकार द्वारा 5 लाख रुपये तक की बीमा सहायता राशि प्रदान की जाती है। इस योजना में व्यापारी मात्र 50 रुपये के नाममात्र शुल्क के साथ ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री व्यापारी क्षतिपूर्ति बीमा योजना के अंतर्गत आगजनी या प्राकृतिक आपदा के कारण व्यापारियों के माल के स्टॉक को हुए नुकसान की भरपाई के लिए बीमा कवर प्रदान किया जाता है। इस योजना के तहत करदाता के वार्षिक टर्नओवर के आधार पर 5 लाख रुपये से 20 लाख रुपये तक की बीमा सहायता राशि उपलब्ध करवाई जाती है।



डीसी डॉ. विवेक भारती।

**5 लाख रुपये तक का बीमा कवर मिलेगा**

डीसी ने बताया कि शून्य से 20 लाख रुपये तक वार्षिक टर्नओवर वाले व्यापारियों को 100 रुपये वार्षिक पंजीकरण शुल्क पर 5 लाख रुपये तक का बीमा कवर मिलेगा। इसी प्रकार 20 से 50 लाख रुपये तक टर्नओवर श्रेणी के व्यापारियों को 500 रुपये वार्षिक शुल्क पर 10 लाख रुपये, 50 लाख से 1 करोड़ रुपये टर्नओवर वाले व्यापारियों को 1500 रुपये वार्षिक शुल्क पर 15 लाख रुपये तथा 1 करोड़ से 1.5 करोड़ रुपये तक टर्नओवर श्रेणी के व्यापारियों को 2500 रुपये वार्षिक शुल्क पर 20 लाख रुपये तक की बीमा सहायता राशि प्रदान की जाएगी। डीसी ने कहा कि राज्य सरकार की नीतियों और निर्णयों से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) क्षेत्र को निरंतर मजबूती मिल रही है। एमएसएमई न केवल देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में अहम भूमिका निभा रहे हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर सप्लाई और वैल्यू चेन को भी सशक्त बना रहे हैं।




## गुजरी महल

अबीर- हरियाणा में कई प्रसिद्ध ऐतिहासिक जगहें मौजूद हैं। हरियाणा की ऐतिहासिक जगहें सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि विश्व भर में फेमस है। हिसार में मौजूद गुजरी महल एक प्राचीन और प्रमुख ऐतिहासिक जगह है। इस महल का निर्माण फिरोजशाह तुगलक ने करवाया था। बता दें कि ताजमहल की तरह ही ये भी प्रेम की निशानी है। दरअसल, फिरोजशाह तुगलक ने अपनी प्रेमिका गुजरी के लिए इस महल का निर्माण करवाया था। इस महल के अंदर दीवान-ए-आम और बरदारी भवन भी प्रसिद्ध हैं।

# लोक संस्कृति के प्रहरी थे महाशय पालेराम

**महाशय पालेराम की यह खासियत थी कि वे मंच पर केवल गाते नहीं थे, बल्कि अभिनय, हास्य और व्यंग्य के माध्यम से समाज में व्याप्त विसंगतियों पर प्रहार भी करते थे। इस प्रकार वे मनोरंजन के साथ-साथ समाज सुधार का कार्य भी करते थे। अपनी प्रस्तुति के माध्यम से वे श्रोताओं के मानस पटल पर ऐसी छाप छोड़ते थे, जो लंबे समय तक स्मृति में बनी रहती थी।**



कलाकार
**रामबीर सिंह 'राम'**



हरियाणा की धरती सदैव से वीरों, संतों और लोककलाकारों की जन्मभूमि रही है। इस मिट्टी की खुशबू में जहां शौर्य की गाथाएं रची-बसी हैं, वहीं लोकगीतों की मधुर धुनें भी इसकी आत्मा को जीवंत बनाए रखती हैं। इसी समृद्ध लोकपरंपरा के एक उज्वल नक्षत्र थे महाशय पालेराम। महाशय पालेराम का जन्म 15 मार्च 1954 को हरियाणा के सोनीपत जिले के ऐतिहासिक गांव हलालपुर में एक साधारण परिवार में हुआ। उनके पिता का नाम चंदराम और माता का नाम किशनी देवी था।

उनका मूल नाम धर्मपाल था, परंतु स्नेहवश लोग उन्हें 'पाले' कहकर पुकारते थे। कालांतर में यही नाम उनकी पहचान बन गया। बचपन से ही उनके मन में संगीत के प्रति गहरी ललक थी। ग्रामीण परिवेश में पले-बढ़े पालेराम के जीवन में लोकगीतों, भजनों और रागनियों का वातावरण स्वाभाविक रूप से मौजूद था। गांव की चौपालों, मेलों और धार्मिक आयोजनों में गूंजने वाले भजनों और रागनियों ने उनके मन पर गहरा प्रभाव छोड़ा। संगीत के प्रति विशेष अभिरुचि के कारण उनका मन पढ़ाई में कम ही लगता था, इसलिए उन्होंने आठवीं कक्षा में ही स्कूल छोड़ दिया। पढ़ाई छोड़ने के उपरांत उन्होंने अपने पिता के कार्यों में हाथ बंटाना आरम्भ कर दिया। उन दिनों हलालपुर में जाने-माने गायक बलबीर सिंह के बहुत कार्यक्रम होते थे। जब भी बलबीर सिंह का उनके गांव में आगमन होता, बालक पालेराम का अधिकांश समय उन्हीं के साथ व्यतीत होता। बालक पालेराम के संगीत प्रेम को देखकर बलबीर सिंह ने उन्हें अपना शिष्य बना लिया। इसके बाद पालेराम ने काफी समय तक अपने गुरु के प्रति श्रद्धावनत हो पूर्ण समर्पण के साथ शिक्षा ग्रहण की और संगीत की गहराइयों को आत्मसात किया।

उनका ध्येय मात्र एक लोकगायक बनना नहीं, वरन् एक लोकसाधक बनना था, जिसे कालांतर में उन्होंने बखूबी सिद्ध किया। तदुपरान्त पालेराम ने सन् 1973 में अपनी मंडली बनाकर गायन की शुरुआत की। उनकी गायकी में हरियाणवी बोली की मिठास, लोकजीवन की सादगी और भावनाओं की गहराई स्पष्ट झलकती थी। वे सामाजिक विषयों को भी अपने गीतों में प्रमुखता से स्थान देते थे। उनके गीतों में नैतिकता, भाईचारा, सामाजिक समरसता और मानवीय मूल्यों का संदेश विद्यमान होता था। इन विशेषताओं के साथ-साथ उनकी हास्य कला अद्भुत थी। इसी कारण वे शीघ्र ही हरियाणा के मूर्धन्य लोक गायकों की श्रेणी में शामिल हो गए। उनके मंच पर आते ही श्रोताओं के चेहरे खिल उठते थे। जब वे रागनी गाते थे, तो श्रोता मंत्रमुग्ध होकर आनंद से झूमने लगते थे। उनकी यह खासियत थी कि वे मंच पर केवल गाते नहीं थे, बल्कि अभिनय, हास्य और व्यंग्य के माध्यम से समाज में व्याप्त विसंगतियों पर प्रहार भी करते थे। इस प्रकार वे मनोरंजन के साथ-साथ समाज सुधार का कार्य भी करते थे। अपनी प्रस्तुति के माध्यम से वे श्रोताओं के मानस पटल पर ऐसी छाप छोड़ते थे, जो लंबे समय तक स्मृति में बनी रहती थी। उनके पास गायन की सम्मोहक शैली का नायाब जादू था।

उनकी डोल्ली और उनके अंगों की विशिष्ट थिरकन के लोग दीवाने थे। यही कारण है कि उनकी कला ने न केवल जनमानस का मनोरंजन किया, बल्कि लोक संस्कृति को भी समृद्ध किया। धीरे-धीरे उनकी लोकप्रियता हरियाणा की सीमाओं को लांघकर पड़ोसी राज्यों तक फैलने लगी। उन्होंने उत्तर प्रदेश, दिल्ली और राजस्थान के अनेक स्थानों पर अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जहां भी वे गाते, वहां जनसैलाब उमड़ पड़ता था। उनकी गायकी में लोकसंस्कृति की शुद्धता और गरिमा स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती थी। वे हमेशा शुद्ध हरियाणवी रागनियां गाते थे और कभी भी फूहड़ या अश्लील गीतों का सहारा नहीं लेते थे। उनका मानना था कि लोकसंगीत समाज का दर्पण होता है और इसे मर्यादित रूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। वे अक्सर कहा करते थे कि ऐसे गीत गाने चाहिए जिन्हें पूरा परिवार एक साथ बैठकर सुन सके। इसी कारण उन्होंने अपने पूरे जीवन में कभी भी अश्लील गीत नहीं गाए और इस प्रवृत्ति का खुलकर विरोध भी किया। उनके अनुसार कलाकार का कर्तव्य केवल तालियां बटोरना नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा देना भी होता है। हरियाणवी रागनी गायन की परंपरा के उस स्वर्णिम काल में अनेक सिद्धहस्त कलाकार अपनी कला का परचम लहरा रहे थे। राजकिशन अगवानपुरिया, मास्टर सतबीर भैंसवालिया, जगबीर कारोरिया, बाऊराम, ब्रह्मानंद, चंदन, बाली शर्मा, रमेश कलावड़िया तथा रणबीर बडवसनिया जैसे अनेक प्रतिष्ठित नाम उस समय रागनी मंच को आलोकित कर रहे थे। ऐसे प्रतिभाशाली कलाकारों के मध्य महाशय पालेराम दहिया ने भी अपने असाधारण गायन कौशल और सशक्त प्रस्तुति के बल पर विशिष्ट पहचान स्थापित की। इन सभी ख्याति प्राप्त फनकारों के साथ उनके अनेक रंगकाट मुकाबले हुए, जिनमें उन्होंने कई बार अपनी कला की विजय पताका फहराते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। यद्यपि उनके मुकाबले लगभग प्रत्येक कलाकार के साथ अत्यंत सफल और लोकप्रिय होते थे, तथापि मास्टर सतबीर भैंसवालिया के साथ उनकी जोड़ी विशेष रूप से दर्शकों के हृदय में बस गई थी। यह अद्वितीय संगति लगभग चार दशकों तक निरंतर मंचों पर अपना जलवा दिखाकर श्रोताओं को रोमांचित करती रही। वह समय ऐसा था, जब उनके प्रशंसकों के बीच इस जोड़ी की लोकप्रियता चरमोत्कर्ष पर थी। ग्रामीण अंचलों में लोग अपने बच्चों के विवाह जैसे शुभ अवसरों पर इनके कार्यक्रम को अनिवार्य मानते थे। इतना ही नहीं, यदि नियत तिथि पर यह युगल उपलब्ध न हो पाता, तो अनेक परिवार अपने बच्चों के विवाह की तिथि तक परिवर्तित कर देते थे, ताकि इन दोनों महान लोकगायकों की सुरमयी प्रस्तुति उनके उत्सव को गौरवान्वित कर सके। महाशय पालेराम के जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी था कि उन्होंने कभी धन को अपनी प्राथमिकता नहीं बनाया। जो भी मान-सम्मान और पारिश्रमिक उन्हें मिलता, उसे वे सहज भाव से स्वीकार कर लेते थे। उनका मानना था कि "कला को बेचा नहीं जाता, कला का प्रचार किया जाता है।" इस विचारधारा के कारण वे लोकसंगीत के क्षेत्र में एक आदर्श कलाकार के रूप में देखे जाते थे। उन्होंने अपने कार्यक्रमों के माध्यम से अनेक मंदिरों, चौपालों और गोशालाओं के निर्माण के लिए चंदा एकत्रित करवाया।

उनके प्रयासों से कई सामाजिक और धार्मिक कार्यों को बल मिला। वे मानते थे कि कलाकार का दायित्व केवल मंच तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि उसे समाज के कल्याण में भी योगदान देना चाहिए। उनके अनुसार हरियाणा लोकगायन परंपरा केवल एक कला नहीं, बल्कि सामाजिक परिष्कार का माध्यम है। महाशय पालेराम ने इस परंपरा को जीवित रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे गांव-गांव जाकर कार्यक्रम करते थे और लोगों को अपनी संस्कृति से जोड़ते थे। महाशय पालेराम ने लोक गायकी के माध्यम से न केवल मनोरंजन किया बल्कि सामाजिक और आध्यात्मिक संदेशों को भी जन-जन तक पहुंचाया। उनके द्वारा गाई गई अनेक रागनियां जैसे- हे मानव शुभ कर्म कर्या कर, तेरी काशीजी का रूल, गंगाजी तेरे खेत मैं, तेरी महारानी कै बेटा होग्या, बादल झुकरे बिज्जल पाटैं, साधु सैं घरबारी कोन्या, गिण कै दे लिए बोल, सिर मैं भड़क आंख मैं पाणी, सारी नगरी हे मां मेरी सो रही री- उस दौर की भांति आज भी हरियाणवी लोक संगीत प्रेमियों के बीच उतनी ही लोकप्रिय हैं। उन्होंने आकाशवाणी और दूरदर्शन के माध्यम से भी हरियाणा की लोककला को व्यापक पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उनके गाए गीतों के दौर ने हरियाणवी संगीत के प्रसार को एक नई दिशा और गति प्रदान की थी।

**लोक गायन और हरियाणवी लोकसंस्कृति में उनके असाधारण योगदान को देखते हुए 1 नवंबर 2010 को हरियाणा दिवस के अवसर पर हरियाणा सरकार ने उन्हें प्रतिष्ठित "फौजी जाट मेहर सिंह अवार्ड" से सम्मानित किया। यह सम्मान उनके लंबे और समर्पित कलात्मक जीवन की सार्वजनिक स्वीकृति थी।**

उन्होंने एक लोकगायक के रूप में 15,000 से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति दी। लोक गायन और हरियाणवी लोकसंस्कृति में उनके असाधारण योगदान को देखते हुए 1 नवंबर 2010 को हरियाणा दिवस के अवसर पर हरियाणा सरकार ने उन्हें प्रतिष्ठित "फौजी जाट मेहर सिंह अवार्ड" से सम्मानित किया। यह सम्मान उनके लंबे और समर्पित कलात्मक जीवन की सार्वजनिक स्वीकृति थी। इस पुरस्कार ने उनके योगदान को और अधिक प्रतिष्ठा प्रदान की। "हंसना-हंसाना ही जीवन है" फलसफे के पैरोकार महाशय पालेराम 24 मई 2023 को सदा के लिए हरिचरणों में लीन हो गए। उनका जाना केवल एक व्यक्ति का अवसान नहीं था, बल्कि एक युग का अंत था। उनके साथ हरियाणवी लोकगायकी की एक सशक्त आवाज मौन हो गई। किंतु आज भी हरियाणा सहित उत्तर भारत के अनेक राज्यों के गांवों की चौपालों, मेलों और सांस्कृतिक आयोजनों में जब उनके भजन-रागनियों का उल्लेख होता है, तो लोग श्रद्धा और गर्व के साथ उनका नाम लेते हैं। उनकी सुरीली आवाज और भावपूर्ण गायन शैली श्रोताओं के दिलों में आज भी जीवित है। उनके भजन-रागनी सदैव लोगों की स्मृतियों में रचे-बसे रहेंगे।

लोकप्रियता अक्सर कलाकार को अहंकार की ओर ले जाती है, लेकिन पालेराम का व्यक्तित्व इससे परे था। वे सरल, विनम्र और सहज स्वभाव के व्यक्ति थे। उनकी वाणी में मधुरता थी और व्यवहार में अपनापन। उनके सुर, उनकी शैली, उनकी सादगी और उनका व्यक्तित्व सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने हरियाणा की लोकसंस्कृति को जो ऊंचाई दी, वह सदैव इतिहास के पन्नों में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगी। वर्तमान में महाशय पालेराम की इस गौरवशाली एवं समृद्ध सांगीतिक परंपरा को उनके शिष्य नरेन्द्र खरकरामजी, राजेश हाथी, अमित रोहणा, मनदीप मलिक लाख, महेंद्र छारा, धर्मबीर लोवा और सुनील कुमार हलालपुर आदि पूर्ण निष्ठा, समर्पण और आदरभाव के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। वे अपने पूज्य गुरुजी की सादगी, सुरों की मधुरता और लोकसंस्कृति के प्रति समर्पित भाव को आत्मसात करते हुए रागनी गायन की उस अमूल्य धरोहर को निरंतर जीवंत बनाए हुए हैं। इस प्रकार वे न केवल अपने गुरुजी की स्मृतियों को सजीव रखे हुए हैं, बल्कि हरियाणवी लोकसंगीत की उस प्रतिष्ठित परंपरा को भी नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं।

---

व्यंग्य
**पूजा गुप्ता**



## तड़के का फड़का

आजकल बड़ा ट्रेंड चला है इंस्टाग्राम और यूट्यूब में। फलाने -ढिकाने के चैनल चल पड़े हैं। 'बिना तेल-मसाले के कैसे पकौड़े बनायें', 'सिर्फ दो चीजों से कैसे टेस्टी नाश्ता बनायें' वगैरह-वगैरह। लहसुन के दाम में सुरसा सी महंगाई, इनके बिना भोजन जैसे 'भैरो बाबा का भंडारा।' दावे भी अजब-गजब हैं इन चैनल वालियों के। एक आंटी अपने एक वीडियो में दावा कर रही थी कि 'बिना बेले पूड़िया कैसे तलें!' ये सुनकर दिमाग चकरा गया।

एक दीदी तो एक ग्लास दूध से आधा किलो बर्फी बनाने की बात कर रही थी। मतलब मिठाइयों की दुनिया में इससे बड़ी क्रांति हो ही नहीं सकती थी। एक वीडियो वाली दीदी ने तो हद ही कर दी। 'बिना पनीर के कैसे पनीर की सब्जी बनायें।' मतलब इस दीदी के आगे पीसी सरकार भी फेल। मैंने भी दीदी को पदवी दे ही डाली, 'रसोई के रंग, मंथरा दीदी के संग।' एक दिन एक अनजान नंबर से फोन आया कि कृपया लाइक और सब्सक्राइब करें हमारा फूड चैनल.. ! 'स्वादलोलुप कक्की का चौका।'

उसके तुरन्त बाद उसी नंबर से फोन आया तो पता चला कि गांव की 'गप्पी काकी' ने यह चैनल बनाया है। ये वही 'गप्पी काकी' हैं जिनके गप्पे के चलते सास उन्हें सिखाते-सिखाते परलोक सिधार गयीं लेकिन रोटी गोल बेलना नहीं सिखा पायीं। इससे बढ़िया तो घर के तड़के की बात अलग है। जो एक बूंद सरसों के तेल में साबूत लाल मिर्च जलाती है अम्मा, और खंसवा-खंसवा कर हमारी अंतड़ियां मुंह के रास्ते निकलवा देती है। उसके अलौकिक तड़के के सामने सब कुछ फेल ही है। सब कुछ देखने-सुनने के बाद यही निष्कर्ष निकला कि सचमुच 'टीवी वाली दीदी, आंटी की थाली से बेहतर अपनी 'अम्मा की गाली और थाली' ही बेहतर है।

---

कविता
**मनजीत सिंह**



## अपणा कर्म अपणे आगे

जैसी करणी वैसी भरनी, ये जग का साचा फेरा,
आज बोया सै जो तू, कल काटेगा वो ढेरा,
झूठ की चादर ओढ़ ले चाहे, साच रहै ना हारा,
समय आवे जब हिसाब का, खुल ज्या सारा पसारा।

जीते जी जो बूंद ना दे, प्यासे नै इक घूंट,
मरणे पाछे भोग धरावै, करै दिखावे लूट,
मां-बाप नै तज कै बैठा, जग मैं बनै सयाणा,
ओही बालक कल देखिये, तेरै तै मुँह फेर जाणा।

सगे-संबंधी हाल ना पूछें, जब तक साँस चलै,
दुख की घड़ी मैं दूर खड़े, ना कोई पास मिलै,
मरणे पाछे रोवण लागें, करैं आँसू का नाटक,
मन मैं रत्ती भर दुख ना, बस दिखावे का झटका।

गाँव-गली मैं नाम कमावै, ऊँची-ऊँची बात,
भीतर सै खोखला होवै, झूठी उसकी जात,
कीकर बो कै आम की आस, कैसी ये अंधियाणी,
जैसी धरती वैसा फल दे, ये प्रकृति की कहानी।

कहै मन का साचा दरपन, कर्मां तै मत भाग,
आज नहीं तो काल सही, मिले कर्म का भाग,
तेर-मेर का झगड़ा छोड़ दे, सबका लेखा-जोखा,
ऊपर बैठा देख रह्या सै, ना कोई उसका धोखा।

हर घर की अजब कहानी, हर जीव का अलग फेरा,
पर न्याय की डोरी मजबूत सै, मनजीत ना टूटे ये घेरा,
जैसी करणी वैसी भरनी, मान ले बात सयाणी,
कर्म बिना ना छूटे कोई, यही सै सच्ची बाणी।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

शासन
**15 अगस्त 1857 को भीषण युद्ध में कई क्रान्तिकारी वीरगति को प्राप्त हुए, अंग्रेज सेना के भी काफी सैनिक हताहत हुए**



# खरखौदा में भी लड़ा गया था अंग्रेजों से रक्त रंजित युद्ध

इतिहास
**यशपाल गुलिया**

वर्ष 1857 के स्वतन्त्रता संग्राम के दौरान हरियाणा क्षेत्र में अनेक उल्लेखनीय युद्ध लड़े गए थे। जैसे सिरसा जिले के ओढा कस्बा और वैरिका गांव, हिसार में मंगाली गांव और बल्ला गांव में, रोहतक, नारनौल व मेवात क्षेत्र में युद्ध लड़े गए।

उसी अवधि में सोनीपत के कस्बे खरखौदा में भी 15 अगस्त 1857 को एक रक्त रंजित युद्ध हुआ था। यह पंजाब कवैलरी नामक बटालियन के बागी रिसलदार बिसारत अली के नेतृत्व में लड़ा गया था। संग्राम के दौरान अंग्रेजों की विशाल सेना दिल्ली की रिज पर डेरा डाले हुए थी। अंग्रेज सेना दिल्ली पर फिर से अधिकार प्राप्त करने के लिए चार मास तक प्रयास करती रही थी। उस मुख्य अंग्रेज सेना को हरियाणा की तरफ से पीछे से आक्रमण होने का खतरा बना रहा था, जिसके लिए अंग्रेज बार-बार दिल्ली को रिज से सैनिक टुकडी भेजकर सेनानियों पर आक्रमण करते थे। उसी क्रम में दिल्ली रिज पर स्थित अंग्रेजों ने खरखौदा में एक सेना भेजी थी। दरअसल, उनको समाचार मिला था कि प्रथम पंजाब कवैलरी के बहुत से बागी घुड़सवार खरखौदा में इकट्ठे हो चुके हैं। तब अंग्रेजों ने दिल्ली से विलियम हड़सन के नेतृत्व में एक उपयुक्त सेना 14 अगस्त 1857 को भेजी। अंग्रेजों द्वारा उस संकलित सेना में 25 सैनिक जीन्द राजा के थे। सेनानियों ने भी उपयुक्त तैयारी कर ली थी, जिनका नेतृत्व बिसारत अली नामक रांघड़ कर रहा था। उसने आसपास के क्षेत्र हसनगढ़ आदि के सहजातीय रांघड़ युवाओं को संगठित कर लिया था। इसी क्रम में रोहतक के किले में बाबर खां रांघड़ के नेतृत्व में सेनानियों की एक सेना इकट्ठी हो गई थी। हालांकि, सभी के संगठित होकर दिल्ली स्थित अंग्रेज सेना पर पीछे से आक्रमण करने की उनकी योजना क्रियान्वित होने से पहले ही अंग्रेजों ने खरखौदा में अपनी सेना भेज दी। इस प्रकार बिसारत अली की सेना व हडसन अंग्रेज की सेना के मध्य 15 अगस्त 1857 को एक भीषण युद्ध हुआ। इसमें बिसारत अली सहित अनेक क्रान्तिकारी वीरगति को प्राप्त हुए तथा अंग्रेज सेना के भी काफी सैनिक हताहत हुए। हडसन अंग्रेज को विजयश्री मिली तथा 16 अगस्त को उसकी सेना रोहतक की ओर कूच कर गई। खरखौदा के युद्ध में चार्ल्स गफ नामक अंग्रेज को विक्टोरिया क्रॉस प्राप्त हुआ था, जिससे उस युद्ध की भीषणता का आभास होता है। हरियाणा क्षेत्र में लड़े गए युद्धों में वह प्रथम विक्टोरिया क्रॉस था। उसके बाद दो विक्टेरिया क्रॉस नारनौल की सराय में लड़े गए युद्ध में दिए गए थे। इसको कुछ लेखकों ने केवल नसीबपुर का युद्ध लिखा है, जबकि वास्तव में वह युद्ध हुस्ना वाला बाग नारनौल शहर व सराय बालमुकुन्द के अहाते में भी लड़ा गया था। सराय के समीप ही अंग्रेज कमान्डर जेरारड की गोली लगने से मृत्यु हुई थी। खरखौदा युद्ध के बाद 26-27 अगस्त को नजफगढ़ में भी एक भीषण युद्ध हुआ था, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से उपरोक्त युद्धों का वर्णन विद्यार्थियों की पाठ्यपुस्तकों में शामिल नहीं किया गया, जबकि ऐतिहासिक 1857 के संग्राम को गदर के नाम से ज्यादा प्रचारित किया गया है। लेखक ने (हरियाणा के अज्ञात युद्ध) नामक अपनी पुस्तक में सभी मुद्दों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया है।



सोनीपत जिले के खरखौदा कस्बे में 15 अगस्त 1857 को हुए भीषण युद्ध के दौरान अंग्रेज सेना से भिड़ते क्रान्तिकारी। (सांकेतिक चित्र)



**खरखौदा के युद्ध में चार्ल्स गफ नामक अंग्रेज को विक्टोरिया क्रॉस प्राप्त हुआ था, जिससे उस युद्ध की भीषणता का आभास होता है। हरियाणा क्षेत्र में लड़े गए युद्धों में वह प्रथम विक्टोरिया क्रॉस था।**

---

# प्रकृति का चितेरा कलाकार है अमन यादव

चित्रकार
**डा. ओमप्रकाश कादयान**



जब हम बाग-बगीचों में जाते हैं तो एक से बढ़कर एक सुन्दर पेड़-पौधों, फूलों, पत्तों को देखकर आकर्षित होते हैं। यात्राओं पर जाते हैं तो पहाड़ों, जंगलों, वादियों, नदी, झरनों, झीलों, रंगीन पक्षियों को देखकर प्रफुल्लित हो जाते हैं। कुदरत का ये वो आकर्षण होता है जो सबको आकर्षित किए बिना नहीं रहता। आम आदमी ये नजारे देखकर आल्हादित हो जाता है तो एक छायाकार प्रकृति के उस सौन्दर्य को स्थाई बनाने के लिए अपने कैमरे में कैद कर लेता है। एक कवि-लेखक अपनी रचनाओं में शब्दों के माध्यम से ढालने की कोशिश करता है, तो एक कुशल चित्रकार रंगों व ब्रुश के माध्यम से कागज या कैनवास पर चित्रित करके प्रकृति की भांति दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

प्रकृति का चितेरा दक्ष कलाकार जब किसी भी सुंदर दृश्य को कैनवास पर बनाता है तो यथार्थ के साथ-साथ उसमें कल्पनाओं के भी रंग भरकर उसे अधिक मनोहारी बना देता है। प्रकृति की नकल करना इतना आसान नहीं है, किन्तु अनुभवी व रंगों से खेलने वाला कुशल चित्रकार ये कमाल कर देता है। हमारे ही बीच में कुछ कलाकार हैं जो चमत्कारी ढंग से प्रकृति के दिव्य दृश्यों को सजीव-से बना डालते हैं। ऐसे एक कलाकार का नाम है-अमन कुमार यादव।

रेवाड़ी जिले के मुण्डिया खेड़ा गांव में मोहनलाल यादव व सरदारी देवी के घर जन्मा अमन यादव आज कला क्षेत्र का उभरता नाम है। अमन को प्रकृति तथा अपनी सांस्कृतिक विरासत, ग्रामीणांचल से काफी लगाव है। यही कारण है कि इनके चित्रों के अधिकतर विषय भी यही हैं। युवा चित्रकार अमन के चित्रों में प्रकृति के विभिन्न रूप देखने को मिलते हैं। बहुत से चित्रों में हरी घास के मैदान, लहलहाती फसलें, चहकती-आकर्षित करती सुंदर वादियां, सदाबहार जंगल, देवदार-चीड़ अन्य पहाड़ी दरखतों, झाड़ियों, जड़ी-बूटियों से लदे पहाड़, उससे ऊपर ग्लेशियरों से ढकी चोटियां, चोटियों पर मण्डराते, उमड़ते-घुमड़ते मेघों के समूह, कुछ चित्रों में रंगीन पेड़ों की कतारें, पहाड़ों के बोलते से लगते पत्थर, कहीं बरसात का भीगा मौसम, नभ-मण्डल पर उड़ते पंछियों की कतारें, संध्याकाल में सूर्य की लालिमा दृश्यों को देती स्वर्णिम आभा, सोने के रंग में तब्दील होते ग्लेशियर, ये सब दृश्य इनके चित्रों का हिस्सा हैं। अमन ने अपने चित्रों में हवा को गति, नदियों को वेग, झरनों को संगीत देने का प्रयास किया है। अमन के कुछ चित्रों में तो इतना आकर्षण भरा है कि स्वप्न-लोक-सा लगता है। चित्रकार ने भारतीय पक्षियों की सुंदरता भी कैनवास पर चित्रित की है। इनकी पेंटिंग दर्शकों से सीधा संवाद करती प्रतीत होती हैं। युवा चित्रकार अमन यादव को प्रकृति के साथ-साथ अपनी संस्कृति, गांव-देहात, जन-जीवन, खेत-क्यार, ग्रामीण रीति-रिवाजों से भी विशेष लगाव है। इन्होंने अपने चित्रों में पनघट परम्परा, कुएं-जोहड़, काम करती, पानी भरकर लाती महिलाएं, किसान की संघर्ष गाथा को भी स्थान दिया है। इसके साथ-साथ प्राचीन कलात्मक इमारतें, मंदिर, देवी-देवताओं के चित्र बनाए हैं। हरियाणा में चौपालें, तालाब, छतरियां, कुएं, हवेलियां, किले तथा यहां की लोककला समृद्ध रही है, ये इन्होंने चित्रों के माध्यम से बताने का प्रयास किया है। ये पोट्राट भी सुंदर बना लेते हैं। कलाकार प्रकृति, संस्कृति के चितेरे के साथ-साथ संवेदनशील प्रवृत्ति के हैं। अमन वैसे तो हर तरह के रंगों को प्रयोग दक्षता पूर्वक कर लेते हैं, पर ये अक्रैलिक ऑयल रंगों का प्रयोग अधिक करते हैं। अमन से ये पूछने पर कि पेंटिंग की शुरूआत कैसे हुई? इसके जवाब में अमन ने बताया कि शुरुआती दौर में उन्होंने गुरु अजीत सिंह तथा प्रताप सिंह रंगीला से प्रेरित होकर सजावटी प्राकृतिक तरीके से ब्रुश चलाना सीखा। फिर मैंने खूब अभ्यास किया और अच्छी पेंटिंग बनती गई। 15 जनवरी 1979 को जन्मे अमन बीएफए की पढ़ाई करने के बाद पेंटिंग करने में जुट गए। इन्होंने गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड के लिए 1391.74 लम्बी पेंटिंग की। 9 मार्च 2019 को भिवानी में आयोजित प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। 13-14 अप्रैल 2019 को रेवाड़ी में आयोजित राष्ट्रीय कला कार्यशाला व रैंप शो में सर्वश्रेष्ठ कलाकार का पुरस्कार जीता। एक सितम्बर 2016 में 'आरएएस रंग आर्टस' द्वारा आयोजित गांधी आर्ट गैलरी, नई दिल्ली में अन्तर्राष्ट्रीय पेंटिंग प्रदर्शनी व सह प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। 24 नवम्बर 2018 को रेवाड़ी में आयोजित 'प्रतिभा सम्मान' प्राप्त किया।



### ये मिले पुरस्कार और सम्मान

अमन ने राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रदर्शनियों, कार्यशालाओं, प्रतियोगिताओं में भाग लेकर बेहतर प्रदर्शन किया। इन्हें अनेक जगह सम्मानित किया गया। गिनीज बुक्स ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड पेंटिंग-पीपल आफ मेरठ में इनका नाम शामिल किया गया। इन्हें कला निधि पुरस्कार, शोभा सिंह पुरस्कार, यादव गौरव पुरस्कार, कला रत्न पुरस्कार तथा अचीवमेंट अवार्ड सहित कई सम्मान मिले।

## खबर संक्षेप

### समस्याओं के निदान के लिए लगाया शिविर

**हिसार।** शहर के वार्ड 13 के एमसी कॉलोनी में स्थित भारत माता मंदिर में वार्ड के वार्डवासियों की समस्याओं के निदान के लिए शिविर लगाया गया। पार्षद संजय डालमिया की अध्यक्षता में लगाए गए शिविर में मुख्य समस्याएं वृद्धा अवस्था पेंशन के सत्यापन की समस्या, विधवा पेंशन सत्यापन की समस्या, दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लाभार्थियों को सत्यापन की समस्या रही। उक्त समस्या के समाधान को लेकर नगर निगम से अधिकारी मौजूद रहे। निवासियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखी।

### मोबाइल टावर से केबल चोरी का आरोपी पकड़ा

**बरवाला।** पुलिस ने मोबाइल टावर से कॉपर केबल चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुलखनी निवासी विक्रम उर्फ लालू के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार इस संबंध में आरएस सिक्योरिटी कंपनी में कार्यरत सिक्योरिटी सुपरवाइजर संदीप कुमार की शिकायत पर सुलखनी गांव स्थित मोबाइल टावर से कॉपर केबल चोरी होने के संबंध में केस दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया था कि टावर से करीब 40 मीटर कॉपर केबल तथा डबल कोर कॉपर आरआरयू केबल के 45-45 मीटर (कुल 90 मीटर) के दो पीस चोरी हुए हैं।

### सेंध लगाकर आभूषण किए चोरी, महिला काबू

**हिसार।** पुलिस की सीआईए टू स्टाफ ने घर में सेंध लगाकर आभूषण व नकदी चोरी मामले में दूसरी महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। महिला की पहचान जमावड़ी निवासी केला देवी के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार इस संबंध में डाबड़ा गांव निवासी सोनू यादव ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार उसके घर में सेंध लगाकर करीब 15 तोला सोने के आभूषण व लगभग 50 हजार रुपये नकदी चोरी कर लिए गए। इस मामले में पुलिस ने पहले एक आरोपी केला देवी के बेटे को गिरफ्तार करके उससे 40 हजार रुपये व एक आई-20 कार बरामद की गई थी। पुलिस ने महिला को अदालत में पेश करके तीन दिन के रिमांड पर लिया है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

**आदमपुर।** देश और प्रदेश में लगातार बढ़ती महंगाई, रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी व गैस की किल्लत के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में आदमपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत गोयल पंप के निकट बाइपास आदमपुर, शिव कॉलोनी स्थित हीरालाल सेटिंग स्टोर हॉल के पास आयोजित बैठक से हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृज लाल बहबलपुरिया ने की। बैठक के पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।
इस अवसर पर बृज लाल बहबलपुरिया ने कहा कि आज देश में महंगाई बेलगाम हो चुकी है और आम आदमी का जीवन मुश्किल होता जा रहा है। रसोई गैस सिलेंडर की लगातार बढ़ती कीमतों ने गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है।

## नई अनाज मंडी में सत्संग समारोह का आयोजन

# जहां नारी का सम्मान, वहीं देवताओं का वास : ब्रह्मदास

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



फतेहाबाद। बाबा ब्रह्मदास को सम्मानित करते पंचनद स्मारक ट्रस्ट के पदाधिकारी।

डेरा बाबा भूमण शाह, सिरसा के गद्दीनशीन बाबा ब्रह्मदास महाराज ने कहा कि समाज में मां, बहन बेटी का सदैव सम्मान करना चाहिए, क्योंकि घर की शोभा नारी से होती है। जहां नारी का सम्मान होगा, वहां देवताओं का वास होगा। बाबा ब्रह्मदास रविवार को फतेहाबाद में सिरसा रोड स्थित नई अनाज मण्डी में विशाल सत्संग समारोह में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। इस आध्यात्मिक कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सत्संग में फतेहाबाद, सिरसा, हिसार सहित हरियाणा और पंजाब के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बाबा ब्रह्मदास महाराज श्रद्धालुओं को सत्संग, नाम-सिमरन और आध्यात्मिक जीवन से जुड़े संदेश दिए। साथ ही मानव जीवन में सेवा, सद्भाव और परोपकार के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस बीच पंचनद स्मारक ट्रस्ट ने बाबा ब्रह्मदास को शाल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर पंचनद के राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य दर्शन नागपाल, पार्षद रमेश गिल्होत्रा, सुरेन्द्र मिढ़ा, टेकचंद मिढ़ा, मनोज नारंग, ज्ञानचंद सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।बाबा ब्रह्मदास महाराज ने कहा कि मन की गति की कोई सीमा नहीं होती है इसलिए हमें मन की चंचलता को वश में करने के लिए खुद को भक्ति में लगाना चाहिए, तभी हमारा मानव जीवन सफल होगा। मां, बहन बेटी का सदैव सम्मान करना चाहिए, क्योंकि घर की शोभा नारी से होती है। जहां नारी का सम्मान होगा, वहां देवताओं का वास होगा। उन्होंने कहा कि हमें नशे से सदैव दूर रहना चाहिए, क्योंकि नशे के कारण तन, मन व धन तीनों बेकार हो जाते है। इसके अलावा नशा करने वाले व्यक्ति का अस्पताल, जेल या श्मशान घाट ही ठिकाना होता है। उन्होंने खासकर, युवाओं को नशे से दूर रहकर समाज की सेवा में अपना जीवन लगाने के लिए प्रेरित किया।

### हजारों श्रद्धालुओं के लिए लंगर किया गया तैयार

पंचनद के सदस्यों को संबोधित करते हुए बाबा ब्रह्मदास ने कहा कि कान भरने वाले लोगों पर विश्वास नहीं करना चाहिए। सदैव समाजहित में काम करें। अगर कोई समाज एकजुट होकर चलता है तो कामयाबी अवश्य मिलती है। उन्होंने पंचनद सदस्यों से आह्वान किया कि वह भेदभाव भूलाकर काम करें। नकारात्मक बातों को छोड़कर सकारात्मक सोच के साथ समाज का साथ दें। सत्संग के सफल आयोजन को लेकर आयोजक मंडल और सेवादारों ने बड़े पैमाने पर तैयारियां की। नई अनाज मंडी में श्रद्धालुओं के बैठने, पेयजल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई। कार्यक्रम स्थल पर अनुशासन बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों की भी ड्यूटी लगाई गई है। सत्संग से पहले ही सेवादारों की टीम ने पहुंचकर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया। सेवादारों के अनुसार, हजारों श्रद्धालुओं के लिए लंगर तैयार किया गया। साथ ही सत्संग स्थल पर दवाओं से लेकर एमरजेंसी सुविधाओं की भी बेहतर व्यवस्था बनाई गई। ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा भी व्यापक प्रबंध किए गए।

# भगवान को देखने योग्य दिव्य दृष्टि हमारे पास नहीं: स्वामी आत्मानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



सिरसा। कथा का श्रवण करते श्रद्धालु।

स्वामी आत्मानंद पुरी ने कहा कि जिस प्रकार काम, क्रोध, लोभ, अहंकार आदि विकार दिखते नहीं पर उनकी अनुभूति होती है वैसे ही ईश्वर को अनुभव किया जा सकता है क्योंकि भगवान को देखने योग्य दिव्य दृष्टि हमारे पास नहीं है। जैसे कमल पानी में रहते हुए भी उससे अछूता रहता है, वैसे ही संसार में रहते हुए भी मोह माया से निर्लिप्त रह कर ईश्वरीय याद बनाए रखते हुए सांसारिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए सद्कर्म करते रहें। वे रविवार को शिव शक्ति योग मिशन द्वारा सेक्टर स्थित लक्ष्मी नारायण मन्दिर में आयोजित भागवत कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। स्वामी आत्मानंद पुरी ने कहा कि जब भी किसी ने अपनी शक्ति तथा अहंकार को त्याग कर सच्चे मन व भाव से पूर्ण आस्था व श्रद्धा रखते हुए भगवान को पुकारा है, भगवान उसकी रक्षा को अवश्य आए हैं, बस भक्त को भगवान पर अटूट विश्वास होना चाहिए। उन्होंने सेवा को परम धर्म बताते हुए श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि कुछ समय सेवा कार्यों में जरूर लगाएं क्योंकि कि दूसरों का दुख दूर करते हुए लगने वाला दाग भी आभूषण बन जाता है।

### कबड्डी टूर्नामेंट के दौरान सभ्याचार कार्यक्रम का आयोजन

**ओढां।** शहीद उधम सिंह स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित कबड्डी टूर्नामेंट के दौरान सभ्याचारक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पंजाबी कलाकार दीप हरदीप ने सभ्याचारक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कलाकार दीप हरदीप ने पहले धार्मिक गीत के बाद धी दा ना बरकत रखना अते पुत दा ना पंजाब, मां ने वी रोकिया ते भैंणा ने वी रोकिया, नी अम्मीए तेनु चेते करके मेरे हुजू आये, लोड पैन ते नाल खड़े ना कोई सहित अनेक पंजाबी गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को नाचने के लिए मजबूर कर दिया। इस कार्यक्रम में गीतकार कर्मजीत पुर, दीप सुखबंत सहित अन्य कलाकार भी पहुंचे।

## प्रधान पद के लिए श्री ब्राह्मण सभा के चुनाव 29 मार्च को

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

आगामी 29 मार्च को होने वाले श्री ब्राह्मण सभा के त्रिवार्षिक चुनाव के लिए विभिन्न पदों पर उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल कर दिए हैं। प्रधान पद के लिए मास्टर राजेंद्र शर्मा और विक्रम शर्मा के बीच मुकाबला होगा। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए बजरंग शर्मा व जगदीश शर्मा, सचिव पद के लिए रोहताश शर्मा व राकेश शर्मा, सहसचिव पद के लिए रवि शर्मा व राजेश पराशर तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए श्रवण शर्मा व ऋषिराज शर्मा ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। नामांकन पत्रों की छंटनी आज की जाएगी, जबकि उम्मीदवार 15 मार्च तक अपने नाम वापस ले सकते हैं। हालांकि चुनाव लड़ रहे सभी उम्मीदवार एक-एक पैनल से जुड़े हुए हैं, इसलिए किसी के भी नाम वापस लेने की संभावना नहीं मानी जा रही है। निवर्तमान प्रधान रामनिवास शर्मा इस बार चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। उन्होंने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि यदि उनके नाम पर सर्वसम्मति बनती है तो ही वे नामांकन दाखिल करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। उल्लेखनीय है कि रामनिवास शर्मा दो बार प्रधान चुने जा चुके हैं।

*18 मार्च को निकाली जाएगी अमृत कलश यात्रा*

## बाबा राणाधीर मंदिर में श्रीराम कथा 19 से 26 मार्च तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना



महामंडलेश्वर करुणा गिरी महाराज।

शहर के सुप्रसिद्ध जय बाबा राणाधीर मंदिर के पवित्र प्रांगण में 19 से 26 मार्च तक भव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मंदिर सेवा समिति की ओर से कथा को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और मंदिर परिसर को सजाया जा रहा है। मंदिर सेवा समिति के सचिव अनील सोनी ने बताया कि श्रीराम कथा की व्यास पीठ पर परम श्रद्धेय श्री श्री 1008 बाल योगिनी संत शिरोमणि साध्वी महामंडलेश्वर करुणा गिरी जी महाराज, हरिद्वार विराजमान रहेंगी। वे अपने अमृतमय प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा और धर्म के संदेश से अवगत कराएंगी। कथा के दौरान भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा, जिससे श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 3:30 बजे शुरू होगी, जिसमें शहर सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजन को भव्य बनाने के लिए मंदिर सेवा समिति द्वारा व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इससे पहले 18 मार्च को सुबह 8 बजे भव्य अमृत कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा में श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर धार्मिक आस्था का प्रदर्शन करेंगे।

## हरियाणवी गीतों में अश्लीलता पर रोक जरूरी: दहिया

### सामाजिक संस्था जागो की वार्षिक बैठक में की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



फतेहाबाद। जागो संस्था के कार्यालय में बैठक करते संस्था के पदाधिकारी।

सामाजिक संस्था जागो ने हरियाणवी गीतों में बढ़ती अश्लीलता, बदमाशी, जातीय उन्माद और गन कल्चर को लेकर गंभीर चिंता जताई है। रविवार को संस्था की बैठक आयोजित की गई। जिसमें संस्था के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान संस्था के प्रधान देवेंद्र दहिया ने कहा कि विगत कुछ वर्षों से कुछ कलाकार नेम व फेम के साथ आर्थिक लाभ के लिए गीतों में अश्लील शब्दों, हिंसा और अपराध को बढ़ावा दे रहे हैं, जो समाज और विशेष रूप से युवा पीढ़ी के लिए बेहद हानिकारक है। उन्होंने कहा कि कई गीतों में बदमाशों को हथियारों के साथ महिमामंडित करते हुए दिखाया जाता है और गन कल्चर को बढ़ावा दिया जा रहा है। इतना ही नहीं, कुछ गीतों में अपराधियों को पुलिस थानों और यहां तक कि अदालतों में भी रौब झाड़ते हुए दिखाया जाता है। इससे सरकारी संस्थाओं और अधिकारियों की गरिमा को ठेस पहुंचती है तथा कानून व्यवस्था की छवि भी प्रभावित होती है। ऐसे दृश्य युवाओं को गलत संदेश देते हैं और उनमें अपराधी प्रवृत्ति के प्रति आकर्षण बढ़ाते हैं। देवेंद्र दहिया ने कहा कि हरियाणा की पहचान समृद्ध लोक संस्कृति, रागनियों और संस्कारों से रही है, लेकिन कुछ गीत इस सांस्कृतिक विरासत को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

### सांस्कृतिक गीत बनाएं

पिछले दिनों ही एक बड़े कलाकार ने स्कूली छात्राओं के लिए अपने गाने में अश्लील शब्द प्रयोग किए। यह सब इसलिए हुआ कि गाने रिलीज से पहले कोई जांच पड़ताल नहीं होती। जिसका जो दिल में आया वह सामाजिक मर्यादाओं को तार-तार करते हुए गाने बना देता है। संस्था ने कलाकारों और संगीत निर्माताओं से भी अपील की कि वे हरियाणा की सांस्कृतिक गरिमा को बनाए रखते हुए स्वच्छ और प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत करें।

## अग्रवाल वैश्य समाज प्रदेश महिला इकाई का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



सुशीला सर्राफ।

अग्रवाल वैश्य समाज ने संगठन में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के संकल्प को जारी रखते हुए प्रदेश महिला इकाई का गठन कर सुशीला सर्राफ फतेहाबाद को पुनः महिला इकाई की कमान सौंपी है। संगठन के प्रदेश महासचिव बलराम गुप्ता ने बताया कि समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की अनुशंसा पर जारी नियुक्ति पत्र के माध्यम से प्रदेश के अलग-अलग जिलों से विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी सामाजिक रूप से सक्रिय महिलाओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों में वेणु अग्रवाल अंबाला को कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही डॉ. अंजली जैन पलवल और निशी गुप्ता कुरुक्षेत्र को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मीनू बंसल बाढड़ा, भारती जैन गुरुग्राम तथा नीता गुप्ता नारनौल को उपाध्यक्ष बनाया गया है। पायल गोयल नरवाना को महामंत्री, डिंपल सिंगला सफीदों, ऋतु बंसल नारनौल, अंजू बंसल कैथल तथा डॉ. अंजू अग्रवाल बहादुरगढ़ को सचिव नियुक्त किया गया है।

## राष्ट्रीय कब-बुलबुल महोत्सव

### फतेहाबाद के बच्चों ने राजस्थान में जीते कई पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



फतेहाबाद। राष्ट्रीय स्तर कब-बुलबुल महोत्सव में फतेहाबाद जिले के विद्यार्थी।

राजस्थान के बीकानेर, देवी कुंड सागर में आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय स्तर कब-बुलबुल महोत्सव में फतेहाबाद जिले के नन्हे प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम पूरे देश में रोशन किया है। 10 से 14 मार्च तक चले इस महोत्सव में हरियाणा समेत पंजाब, राजस्थान और तमिलनाडु जैसे राज्यों के 245 बच्चों तथा 10 स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया था। मभारत स्काउट एंड गाइड के सौजन्य से आयोजित इस महोत्सव का मुख्य विषय 'नर्चरिंग यंग रूट्स इन दा गोल्डन सेंडस ऑफ बीकानेर' रखा गया। इसका उद्देश्य बच्चों में संस्कार, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता का विकास करना था। फतेहाबाद से कुल 37 बच्चों के दल का नेतृत्व जिला संगठन आयुक्त (बुलबुल) कांता सोनी ने किया। विभिन्न रोचक और चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिताओं में फतेहाबाद की टीम ने अपनी छाप छोड़ी। जिले के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल स्थान हासिल कर जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया। जिले ने गुरप डांस में प्रथम, तारा स्टोरी, स्टोरी टेलिंग, प्ले एक्टिंग और स्टेट एग्जीबिशन में द्वितीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा पेपर कटिंग, गुरप सॉन्ग में जिले की टीम तीसरे स्थान पर रही।

## सो रहे व्यक्ति की जेब से नकदी चोरी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



अनाज मण्डी शैड के नीचे पिकअप गाड़ी में सो रहे व्यक्ति की जेब से हजारों रुपये चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर फतेहाबाद के अंतर्गत आने वाली बस अड्डा चौकी पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। बस अड्डा चौकी प्रभारी पीएसआई सुमित ने बताया कि इस संबंध में शोयब निवासी गांव तेवड़ा, जिला मुजफ्फरनगर, यूपी ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह कॉटन की चादर व बैडशीट आदि का सामान फेरी लगाकर बेचने का काम करता है। 11 मार्च की रात वह फतेहाबाद आया हुआ था और पुरानी अनाज मंडी के पास एक शेड के नीचे अपनी पिकअप गाड़ी में सो रहा था। सुबह करीब 4 बजे उठने पर उसकी जेब में रखी 10 हजार रुपये की नकदी गायब मिली। इस पर उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने 14 मार्च को केस दर्ज किया।

## विदेश में फंसे रिश्तेदारों के नाम पर पैसे मांग रहे साइबर अपराधी : एसपी

- जल्दबाजी में पैसे ट्रांसफर करना बन सकता है साइबर ठगी का कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन को साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जा रहे एक नए तरीके को लेकर सतर्क रहने की अपील की है। उनका कहना है कि साइबर ठग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक मैसेंजर, व्हाट्सएप या अन्य माध्यमों के जरिए लोगों को मैसेज भेजकर यह झूठा दावा करते हैं कि उनका कोई रिश्तेदार विदेश में पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया है या किसी कानूनी परेशानी में फंस गया है और उसे छुड़ाने के लिए तुरंत पैसे की आवश्यकता है। एसपी ने बताया कि इस प्रकार की ठगी में साइबर अपराधी किसी व्यक्ति के रिश्तेदार या परिचित का सोशल मीडिया अकाउंट हैक कर लेते हैं या उसी नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर मैसेज भेजते हैं। मैसेज में बताया जाता है कि उनका कोई करीबी व्यक्ति विदेश में फंस गया है, वीजा खत्म हो गया है या पुलिस ने उसे पकड़ लिया है।

### साइबर धोखाधड़ी होती है तो 1930 पर करें कॉल



यदि किसी रिश्तेदार के फंसने का संदेश मिले तो सीधे उसी व्यक्ति से फोन या वीडियो कॉल के जरिए पुष्टि करें। सोशल मीडिया पर आए किसी भी संदिग्ध मैसेज या लिंक पर क्लिक न करें। किसी भी अनजान व्यक्ति के बैंक खाते में जल्दबाजी में पैसे ट्रांसफर न करें। अपने बैंक विवरण, ओटीपी, आधार नंबर या अन्य निजी जानकारी किसी के साथ साझा न करें। यदि कोई व्यक्ति भावनात्मक दबाव बनाकर पैसे मांग रहा है तो पहले पूरी जानकारी की पुष्टि करें। संदिग्ध नंबर या अकाउंट को तुरंत ब्लॉक करें और इसकी जानकारी पुलिस को दें। परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों को भी ऐसे साइबर स्कैम के बारे में जागरूक करें। यदि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होती है तो तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें या पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाएं।

## मेगा स्वास्थ्य शिविर में 325 कर्मचारियों से अधिक ने करवाई जांच

# विशेषज्ञ चिकित्सकों ने की पुलिस कर्मियों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



फतेहाबाद। डॉ. शुभम महतानी को सम्मानित करते एएसपी दिव्यांशी सिंगला।

पुलिस लाइन फतेहाबाद में रविवार को निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 325 से अधिक पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लेकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। शिविर का शुभारंभ सहायक पुलिस अधीक्षक दिव्यांशी सिंगला ने किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस कर्मचारियों व चिकित्सकों से बातचीत कर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की और इस प्रकार के आयोजनों को पुलिस बल के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। एएसपी ने कहा कि पुलिस कर्मियों की ड्यूटी प्रकृति अत्यंत चुनौतीपूर्ण होती है, जिसमें अनियमित समय, तनावपूर्ण परिस्थितियां और लगातार सक्रिय रहना शामिल है। ऐसे में नियमित स्वास्थ्य जांच और विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध करवाना अत्यंत आवश्यक है। इस शिविर ने पुलिस कर्मियों को अपने स्वास्थ्य की स्थिति जानने तथा समय रहते आवश्यक उपचार और परामर्श प्राप्त करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया। स्वास्थ्य शिविर में गुरुग्राम स्थित मेदांता-द मेडिसिटी के कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. एसके तनेजा तथा रेस्पिरेटरी विशेषज्ञ डॉ. प्रियांशु ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

### सेवाएं देने पहुंचे डॉक्टरों को किया सम्मानित

शिविर के दौरान पुलिस कर्मियों के लिए छाती का एक्स-रे, ईसीजी, पीएफटी, बीएमडी टेस्ट तथा ब्लड प्रेशर जांच सहित कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण निःशुल्क उपलब्ध करवाए गए। जांच के बाद प्रत्येक पुलिसकर्मी को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार चिकित्सकीय सलाह दी गई तथा आवश्यक दवाइयां भी प्रदान की गई। इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक दिव्यांशी सिंगला ने शिविर में सेवाएं देने पहुंचे डॉक्टरों की टीम को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### मोबाइल चोरी के आरोपी नाबालिग को पकड़ा

**डबवाली।** पुलिस ने मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान का शटर तोड़कर मोबाइल चोरी करने के आरोपी नाबालिग को गिरफ्तार किया है। गोरीवाला पुलिस चौकी इंचार्ज जगपाल सिंह ने बताया कि सीता राम निवासी बिज्जूवाली की शिकायत पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बिज्जूवाली स्थित उसकी दुकान बालाजी मोबाइल एंड रिपेयर सेंटर का शटर तोड़कर मोबाइल चोरी करने का केस थाना सदर में दर्ज किया गया था। इसी मामले की जांच की कड़ी में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज व साइबर सेल की सहायता से एक नाबालिग को पकड़ा है और उसे नियमानुसार बालसुधार गृह अंबाला जेल भेजा गया है। इसी मामले में पुलिस पहले ही दो आरोपियों आकाशदीप व धर्मप्रीत निवासी भडोल्यांवाली को गिरफ्तार कर चोरीशुदा मोबाइल बरामद कर चुकी है।

### पुजारी पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

**डबवाली।** पुलिस ने गांव गंगा के हनुमान मंदिर के पुजारी पर हुए हत्या के प्रयास के मामले में वांछित सातवें आरोपी को काबू किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान विशाल निवासी गंगानगर के रूप में हुई है। गोरीवाला चौकी प्रभारी जगपाल सिंह ने बताया कि बीती 28 जनवरी को शिकायतकर्ता चंद्रप्रकाश ने बताया कि वह केशव ढाणी गांव गंगा में हनुमान मंदिर में पुजारी है और रात को मंदिर में ही रुकता है। बीती 28 जनवरी की सुबह 5.30 बजे वह शौच के लिए मंदिर के बाहर शौचालय में गया तो बाहर से किसी के बुलाने की आवाज आई। जब वह बाहर आया तो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा रस्सी से उसका गला घोंटने का प्रयास किया गया। इस शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न कानूनी धाराओं के तहत केस दर्जकर जांच शुरू की।

### एलपीजी संकट से आमजन पर बढ़ेगा बोझ: सैलजा

**सिरसा।** सांसद कुमारी सैलजा ने देश के विभिन्न हिस्सों में एलपीजी गैस की आपूर्ति को लेकर उत्पन्न स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों को छोड़कर अधिकांश कमर्शियल संस्थानों के लिए एलपीजी गैस की सप्लाई प्रभावित होने से छोटे व्यापारियों, होटल-रेस्तरां संचालकों और लाखों लोगों की रोजी-रोटी पर असर पड़ रहा है। रविवार को जारी बयान में उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर गैस सिलेंडर के लिए लंबी-लंबी कतारें देखी जा रही हैं, जिससे आम लोगों में चिंता का माहौल बन गया है।

### त्याग, सेवा ही परमानंद का मूल आधार: डॉ. विक्रमजीत

**सिरसा।** राजकीय नेशनल कॉलेज सिरसा में साप्ताहिक एनएसएस शिविर के दूसरे दिन विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर के दूसरे दिन मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय महिला महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. विक्रमजीत ने शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को एनएसएस के इतिहास, इसके लक्ष्यों और स्वयं से पहले आप के मूलमंत्र के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने महात्मा गांधी का उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को मानवता की सेवा और सामाजिक मूल्यों को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया।

श्री चिल्ला साहिब गुरुद्वारा के संत बाबा जगतार सिंह ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ

# 8वीं इंटरनेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में हरियाणा की टीम का शानदार प्रदर्शन

- कुश्ती प्रतियोगिता में पहलवान भूपेंद्र सिंह ने गुरचरण सिंह को हराकर जीता 1 लाख का इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

संत बाबा प्रीतम सिंह की याद में सिरसा के बरनाला रोड स्थित शहीद भगत सिंह स्टेडियम में 8वीं इंटरनेशनल कबड्डी चैंपियनशिप बीते दिवस धूमधाम से संपन्न हुई, जिसमें चार क्लबों ने हिस्सा लिया। माझा- मालवा-दोआबा-हरियाणा इन चार क्लबों में इंटरनेशनल स्तर के कबड्डी खिलाड़ियों ने भाग लिया। श्री चिल्ला साहिब गुरुद्वारा के मुख्य सेवादार संत बाबा जगतार सिंह जी कार सेवा वाले ने गुरु की अरदास करवाकर ट्रस्ट के सदस्यों व खिलाड़ियों को आशीर्वाद देकर चैंपियनशिप की विधिवत रूप से शुरूआत की। चैंपियनशिप के समापन अवसर पर युवा कांग्रेस नेता मोहित शर्मा ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। स. मनमिन्दर सिंह एडवोकेट सिरसा, भरपूर सिंह एडवोकेट ने बताया कि स्व. रणजीत सिंह डबवाली व स्व. बलकरण सिंह बिक्का वैदवाला की याद में कुश्ती प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें एक नंबर जोड़ का रूस्तम-ए हिंद पहलवान भूपेंद्र सिंह अजनाला ने जीत हासिल की। जबकि दूसरी कुश्ती प्रतियोगिता में पहलवान गुरचरण सिंह चन्ना वैदवाला ने बाजी मार कर विरोधी को चित किया। विजेता पहलवान भूपेंद्र सिंह अजनाला को एक लाख रुपये की नकद राशि से सम्मानित किया गया, जबकि पहलवान गुरचरण सिंह चन्ना वैदवाला को भी नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दस साल के बच्चों व 70 साल के बुजुर्गों व लड़कियों का कबड्डी शो मैच भी करवाया गया।



सिरसा। कबड्डी चैंपियनशिप की विजेता टीम को पुरस्कार भेंट करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर मनमिन्द्र सिंह एडवोकेट सिरसा, परमिंदर सिंह पटवारी, सैवी सिंह एडवोकेट, संदीप कंबोज एडवोकेट, अवतार सिंह कंवर वैदवाला, सोनू बाठ कनाडा, यशदीप कक्कड़ व अविनाश कक्कड़, रणमीत सिंह मीता काहलो, गुरचरण सिंह गिल वैदवाला, काला सिंह बागड़िया, शिवम मेहता ग्रिल मास्टर, दीपक चावला,तरसेम गोयल, अतुल गुप्ता, मनोज गोयल. सिमरण सिंह, नवरूप सिंह. देवेंद्र सिंह टक्कर डा. विकास अग्रवाल, डा. आशीष खुराना आदि मौजूद थे।

### ये रहे विजेता, इन्हें मिला पुरस्कार

*चढ़दी कला सरबत दा भला ट्रस्ट के प्रधान दारा सिंह गिल वैदवाला, मनमिंदर सिंह एडवोकेट सिरसा ने संयुक्त रूप से बताया कि कबड्डी चैंपियनशिप में हरियाणा की टीम ने बाजी मारी, जबकि दूसरे स्थान पर पंजाब की माझा टीम रही। बेस्ट रेडर दीनू ज्वारा, बेस्ट जाफी अमन धौरा रहे जिन्हें मोटरसाइकिल पुरस्कार स्वरूप भेंट किए गए। उन्होंने बताया कि कबड्डी टूर्नामेंट में प्रथम स्थान पर रही टीम को पांच लाख रुपये, दूसरे स्थान पर रही टीम को चार लाख रुपये का नकद ईनाम मुख्यातिथि मोहित शर्मा द्वारा भेंट की गई। प्रधान दारा सिंह गिल ने बताया कि इसके अलावा टूर्नामेंट में भाग लेने वाली अन्य टीमों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।*


सिरसा। हेरोइन के साथ पकड़ा गया आरोपी। फोटो : हरिभूमि

# 13 ग्राम हेरोइन के साथ दो युवक किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पुलिस ने गश्त के दौरान अलग-अलग जगहों से दो युवकों को हजारों रुपए की 13 ग्राम 73 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम शाहपुर बेगू की ओर जा रही थी। इस दौरान सामने से बाइक सवार युवक सामने से आते हुआ दिखाई दिया। उक्त बाइक सवार युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक बाइक को वापस मोडक़र वहां से भागने का प्रयास किया। पुलिस पार्टी ने शक के आधार आरोपी युवक सुखचैन निवासी शाहपुर बेगू सिरसा को काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 7 ग्राम 340 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। वहीं एक अन्य घटना में एंटी नारकोटिक्स सेल की एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव निर्बाण के पास एक युवक को देखा जो पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वहां से भागने का प्रयास करने लगा। इस पर पुलिस ने आरोपी युवक नरेंद्र निवासी गांव निर्बाण को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली तो उसके कब्जे से 6 ग्राम 39 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई। सीआईए सिरसा प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामले दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवकों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा।

### पैदल जा रहे व्यक्ति को टक्कर मारने के मामले में बाइक चालक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** ढाणी माजरा रोड पर पैदल जा रहे एक व्यक्ति को टक्कर मारकर घायल करने के मामले में थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी मोटरसाइकिल चालक को गिरफ्तार कर लिया है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि इस संबंध में विनोद कुमार पुत्र रिछपाल सिंह निवासी गांव धांगड़, जिला फतेहाबाद ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया कि 2 मार्च को उसके पिता रिछपाल सिंह ढाणी माजरा रोड पर पैदल जा रहे थे और वह स्वयं भी उनके पीछे-पीछे चल रहा था। इसी दौरान शाम करीब 4:15 बजे एक मोटरसाइकिल चालक ने अपनी मोटरसाइकिल को तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता सड़क पर गिरकर उनके माथे व पैरों पर चोटें आईं। घायल को उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मामले में प्राप्त शिकायत व मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर थाना सदर फतेहाबाद में मामला दर्ज किया गया।

# रत्ताखेड़ा में क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज, पहले मुकाबले में भरपूर ने भूथन टीम को 6 विकेट से दी शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

गांव रत्ताखेड़ा में गुरु जंभेश्वर स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। इस खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन शैलर एसोसिएशन रतिया के प्रधान मोनू जिंदल, सुरेश जिंदल, पूर्व अनाज मंडी प्रधान अमन और ग्राम सरपंच अरविंद सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल को खेल की भावना से खेलने की प्रेरणा दी।

टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला भरपूर और भूथन की टीमों के बीच खेला गया। 12-12 ओवरों के इस रोमांचक मैच में भूथन की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया भूथन ने निर्धारित ओवरों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 109 रन का स्कोर खड़ा किया लक्ष्य का पीछा करने उतरी भरपूर की टीम ने सधी हुई शुरुआत की और मात्र 4 विकेट खोकर 110 रन बना लिए।भरपूर की टीम ने यह मुकाबला 6 विकेट से अपने नाम कर लिया। मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले भरपूर टीम के खिलाड़ी हरप्रीत को उनकी शानदार बल्लेबाजी/गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।? इस अवसर पर बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और ग्रामवासी मौजूद रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का जमकर उत्साह बढ़ाया।


रतिया। मैच के दौरान खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

### जिला स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में छात्र बलविंद्र ने जीता गोल्ड

**चोपटा।** खंड नाथूसरी चौपटा के गांव साहूवाला-द्वितीय के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्र बलविंद्र ने जिला स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया है। कक्षा 11वीं के छात्र बलविंद्र ने पुरुष वर्ग के 50-55 किलोग्राम भार वर्ग में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर यह उपलब्धि अपने नाम की है। खंड शिक्षा अधिकारी सतबीर सिंह ने इस उपलब्धि पर छात्र बलविंद्र तथा पूरे विद्यालय परिवार को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि बलविंद्र का राज्य स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए चयन होना विद्यालय और क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इस उपलब्धि पर उन्होंने छात्र को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या मंजू पूनिया ने भी छात्र को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थी की मेहनत, लगन और खेल अध्यापकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

# स्वर्णकार समाज के प्रधान सज्जन सोनी का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

स्वर्णकार सभा के नवनिर्वाचित प्रधान बने सज्जन सोनी का रविवार को जाट धर्मशाला में जाट समाज की ओर से अभिनंदन किया गया। इस अभिनंदन समारोह में केहरवाला के सरपंच हरविंद्र गोदारा, भारतीय जाट विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र कड़वासरा, जाट धर्मशाला कमेटी सदस्य शीशपाल झोरड़, वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र घणघस, मदनलाल राजपुरोहित, महेंद्र सिहाग, ब्लॉक समिति चौपटा के पूर्व सदस्य सतबीर सिंह सहारण, अजब बेनीवाल माणकदीवान, राजपाल कड़वासरा नाथूसरी चौपटा, सरदूल सिंह गोदारा, अनिल खीचड़, अभिषेक खीचड़, सरपंच एसोसिएशन रानियां के प्रधान व धोत्तड़ के सरपंच राजेश हुड्डा, हिम्मतपुरा के सरपंच सिमरजीत, मत्तुवाला के सरपंच विरेंद्र सहारण, नहराणा के सरपंच राजेश सहारण, रामपुर थेड़ी के सरपंच सुखपाल सिंह, थेहड़ी मोहर सिंह के सरपंच निरंजन सिंह, ओटू के सरपंच शरणजीत सिंह, चक्कसाहिबां सरपंच अमनदीप, फिरोजाबाद सरपंच तरसेम, गोविंदपुरा के सरपंच सुनील, ग्राम सचिव रानियां अनिल आदि शामिल थे।


सिरसा। स्वर्णकार समाज के प्रधान सज्जन सोनी का अभिनंदन करते आयोजक।


टोहाना। मंदिर का नींव पत्थर रखने के बाद ग्रामीणों से बातचीत करते सांसद सुभाष बराला। फोटो : हरिभूमि

# गांव मंघेड़ा में हनुमान मंदिर निर्माण का हुआ शुभारंभ, सांसद सुभाष बराला ने रखी नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने टोहाना क्षेत्र के गांव मंघेड़ा में बजरंग बली के भव्य मंदिर के निर्माण हेतु नींव पत्थर रखकर निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इस पावन अवसर पर सांसद ने श्रद्धालुजनों, ग्रामवासियों और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ पूजा-अर्चना कर बाबा बजरंग बली का आशीर्वाद प्राप्त किया। सांसद सुभाष बराला ने कहा कि धार्मिक स्थल समाज की आस्था और संस्कृति के प्रतीक होते हैं। उन्होंने कहा कि गांव मंघेड़ा में बनने वाला यह भव्य हनुमान मंदिर न केवल श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि क्षेत्र की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगा। ऐसे पवित्र स्थल लोगों को धर्म, सेवा, सद्भाव और सामाजिक एकता का संदेश देते हैं।

### ग्राम पंचायत को दी 5 लाख की ग्रांट

सांसद ने कहा कि बाबा श्री बजरंग बली के आशीर्वाद से यह पवित्र स्थल आने वाली पीढ़ियों को भी धर्म और संस्कारों से जोडने का कार्य करेगा। यह मंदिर क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा, आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का माध्यम बने। गांव के विकास कार्यों को गति देने के लिए ग्राम पंचायत को 5 लाख रुपये की ग्रांट देने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि केंद्र और हरियाणा सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। सडक़, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक और सांस्कृतिक वातावरण मजबूत हो। सरकार संत महापुरुषों की जयंती को सरकारी स्तर पर मना रही है ताकि युवाओं को प्रेरणा मिले।

# 90 दिवसीय श्री राम नाम जाप महायज्ञ का हुआ भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- श्री राम जाप से राममयी बना फतेहाबाद

शहर में पिछले तीन महीनों से चल रहे आध्यात्मिक अनुष्ठान '90 दिवसीय श्री राम नाम जाप' की रविवार को भव्य पूर्णाहुति हुई। घर-घर में चल रहे इस पावन जाप के समापन पर एक विशाल सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की। सत्संग में गोहाना धाम से पूज्य कृष्ण विज ने प्रवचन करते हुए भक्तों को आशीर्वाद दिया व बताया कि राम नाम का जाप केवल एक धार्मिक क्रिया नहीं, बल्कि मानसिक शांति और लोक-कल्याण का मार्ग है। पिछले 90 दिनों से शहर के विभिन्न घरों में श्रद्धालु निरंतर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के नाम का सिमरन कर रहे थे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। मन्दिर दरबार को फूलों से भव्य रूप दिया गया। स्वामी सत्यानंद महाराज द्वारा रचित श्री अमृतवाणी ग्रन्थ से सत्संग की शरुआत हुई व भजनों से माहौल को राममयी बन गया। श्री राम जय राम जय जय राम के संकीर्तन से उपस्थित संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया।


फतेहाबाद। श्रीराम जाप कार्यक्रम में भाग लेते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

# शांति निकेतन स्कूल ढिंगसरा में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, विद्यार्थी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

गांव ढिंगसरा स्थित शांति निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नर्सरी से नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम बड़े उत्साह के साथ घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा जगत की विभिन्न हस्तियों, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने शिरकत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन द्वारा दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना के साथ किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किरढ़ान के प्रधानाचार्य मनोज बैनीवाल, पीडीएम स्कूल की प्रधानाचार्य अनिता गिजरोईया, ग्रीन वैली स्कूल के प्रधानाचार्य गुरमेहर सिंह और पिंक सिटी स्कूल की प्रधानाचार्य ममता नारंग सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। जैसे ही परिणाम घोषित हुए, बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई। अभिभावकों ने शिक्षकों से मिलकर बच्चों की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की।



फतेहाबाद। परीक्षाओं में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक। फोटो : हरिभूमि

### प्रधानाचार्य व डायरेक्टर ने दी बधाई

प्रधानाचार्य रणसिंह रेपस्वाल और डायरेक्टर विजय सिंह बाघेला ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा, यह परिणाम विद्यार्थियों के अनुशासन और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है। शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और अन्य गतिविधियों में भाग लेना भी व्यक्तित्व निर्माण के लिए अनिवार्य है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की पढ़ाई में सक्रिय सहयोग दें, क्योंकि शिक्षक और अभिभावक मिलकर ही बच्चे के भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। अंत में विद्यालय प्रशासन ने सभी सफल विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

शहीद भगत सिंह की शहादत पर नाथूसरी कलां में हुई विचार गोष्ठी

# सामाजिक मुद्दों पर एकजुट होकर संघर्ष का आह्वान

- भगत सिंह की 95वीं शहादत पर ग्रामीणों ने जनसरोकर मुद्दों पर रखें विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, लोक चेतना कला, साहित्य मंच सिरसा तथा हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ जिला सिरसा के संयुक्त तत्वावधान में नाथूसरी कलां के देवीलाल पार्क में शहीद भगत सिंह की 95वीं शहादत पर विचार गोष्ठी हुई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वर्तमान दौर में समाज के सामने खड़ी सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक और आर्थिक चुनौतियों पर विचार-विमर्श करना तथा आमजन में जागरूकता पैदा करना था।

लोक चेतना कला एवं साहित्य मंच की ओर से राजकुमार शेखूपुरिया ने बिजली बिल, बीज बिल, श्रम कानूनों तथा अन्य जनसरोकार के मुद्दों पर विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि इन नीतियों का प्रभाव केवल कर्मचारियों तक सीमित नहीं है, बल्कि किसान, मजदूर और आम नागरिक भी इससे प्रभावित हो रहे हैं। इसलिए सभी वर्गों को इन मुद्दों के प्रति जागरूक होकर लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठानी चाहिए। मुख्य वक्ता के तौर पर कृष्ण नैन ने शहीद भगत सिंह के जीवन, उनके क्रांतिकारी विचारों और शिक्षा के अधिकार के महत्व पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि भगत सिंह केवल एक क्रांतिकारी नहीं बल्कि एक महान विचारक भी थे, जिनके विचार आज भी समाज को नई दिशा देने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे भगत सिंह के आदर्शों से प्रेरणा लेकर अन्याय, शोषण और भेदभाव के खिलाफ संघर्ष करें। नाथूसरी कलां की सरपंच रीटा कासनियां ने अतिथियों तथा ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।



### मेहनतकश वर्गों की समस्याएं लगभग समान : खोथ

*सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान मदनलाल खोथ ने कहा कि कर्मचारी वर्ग, किसान-मजदूर, व्यापारी तथा अन्य मेहनतकश वर्गों की समस्याएं लगभग समान हैं। इसलिए सभी वर्गों को आपसी एकता और सामूहिक संघर्ष के माध्यम से जनविरोधी नीतियों का विरोध करना चाहिए। मंच संचालन विनोद कासनियां ने किया। इस अवसर पर सुभाष बैनीवाल, राजकुमार कुलडिय़ा, संदीप बेनीवाल, सोमवती, रोशनी देवी, सोहनलाल रंधावा, ललित सोलंकी, अशोक पटवारी, शीशपाल सोलंकी, मदनलाल, शीशपाल सहित लोग मौजूद थे।*